हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

11 वीरता, त्याग और सर्वोच्च बलिदान को किया नमन...



12 मंदर माई के ज्योत-जंवारा विसर्जन में उमड़ा आस्था...



कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

खबर संक्षेप

कोसरिया यादव समाज की बैठक 25 को

धमतरी। छत्तीसगढ़ जिला कोसरिया यादव समाज धमतरी की पूर्व स्थगित बैठक 25 अक्टूबर को सत्संग भवन गोकुलपुर में दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिला अध्यक्ष जोहनसिंह यादव एवं जिला सचिव रामेश्वर यादव ने बताया कि बैठक में समाज को आर्थिक रूप से सशक्त एवं संगठित बनाने, वित्तीय वर्ष 2026-27 की राशि जिला कोषालय में जमा करने तथा जिला स्तरीय गीता जयंती और युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने पर चर्चा होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा से भेंट-मुलाकात के विषय पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

बोईरगांव में स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम शिविर 23 को

नगरी। ग्राम बोईरगांव में 23 अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम शिविर का आयोजन किया जाएगा। पीएम जनमन योजना के तहत आयोजित इस शिविर में विशेष रूप से पीवीटीजी एवं जनजातीय वर्ग सहित सभी ग्रामीणों के लिए बीपी, शुगर, सिकल सेल, टीबी जांच, बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती माताओं की जांच तथा निःशुल्क दवा वितरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। खण्ड चिकित्सा अधिकारी, और परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नगरी ने क्षेत्रवासियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

टेक्सी ड्राइवर प्रशिक्षण के लिए आवेदन 24 तक

धमतरी। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में टेक्सी ड्राइवर का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बाताया कि 18 से 45 वर्ष तक की आयु के कम से कम 10वीं पास युवा इस प्रशिक्षण के लिए 24 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्ता, निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड की फोटोकॉपी और पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में जमा किया जा सकता है।

दिव्यांगजन राज्यस्तरीय पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां 25 तक

धमतरी। समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों में दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जाएगा। इसके तहत उत्कृष्ट कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं, नियोक्ताओं तथा सर्वोत्तम जिला संवर्ग में आवेदन मंगाया गया है। उपसंचालक समाज कल्याण ने जिले के योग्य, पात्र दिव्यांग कर्मचारी, संस्था, नियोक्ता से सभी उत्कृष्ट प्रस्तावों को 25 अक्टूबर के पूर्व समाज कल्याण विभाग में उपलब्ध कराने कहा है।

कसही में मनाई गई विजयादशमी

डाही(धमतरी)। ग्राम कसही में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी धूमधाम से मनाया गया। नाट्य मंडली ने कलामंच चौक में रामलीला का मंचन किया। भगवान राम ने धनुष बाण से रावण के पुतले को जलाया। रावण दहन होते हुए कार्यक्रम स्थल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। जमकर आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर टेकराम ध्रुवंशी, देवनंदन पटेल, पुरूषोत्तम ध्रुवंशी, नोमेश ध्रुवंशी, जनक ध्रुवंशी, नीलू चद्रांकर, रोहित चद्रांकर, शुभम पटेल, मुकेश ध्रुव, अरुण पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

अपने ही खाते से खुद की रकम निकालने पापड़ बेल रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किसानों को अपने खाते से ही रकम निकालने के लिए भटकना पड़ रहा है। मेंटनेंस के अभाव में जिला सहकारी बैंक के अधिकांश एटीएम खराब पड़े हैं। कुछ में तो रुपए ही नहीं है। जिला सहकारी बैंक के एटीएम कार्ड से एसबीआई सहित अन्य कई बैंकों से भी राशि नहीं निकल रही है।

जिले में डेढ़ लाख से ज्यादा किसान हैं, जिनका लेनदेन जिला सहकारी बैंक के माध्यम से होता है। इन किसानों को लेनदेन के लिए जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में लाइन लगाकर रुपए निकालने पड़ते थे। कई बार तो शाखाओं में इतनी भीड़ लग जाती थी कि किसानों को दिनभर इंतजार करना पड़ता था। खासकर धान खरीदी के समय या बोनस आने पर। इस समस्या को देखते हुए जिला सहकारी बैंक ने किसानों को एटीएम कार्ड बांटे हैं।

जानकारी के अनुसार जिले में करीब 70 हजार किसानों को एटीएम कार्ड बांटा गया है। जिलेभर में जिला सहकारी बैंक की 11 शाखाएं हैं, जहां पर एटीएम भी लगाए गए हैं।

विडंबना यह है कि इसमें से कई एटीएम खराब हैं या उनमें नकद राशि नहीं है। ऐसे में किसानों को अपने ही रुपयों के आहरण के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला सहकारी बैंक के अधिकांश एटीएम खराब, दूसरे एटीएम से नहीं निकल रही राशि

कार्ड लेकर भटक रहे किसान

एटीएम कार्ड देते वक्त किसानों को आश्वासन दिया गया था कि एटीएम कार्ड से जिला सहकारी बैंक के साथ स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य बैंकों से भी राशि निकाली जा सकती है। महीने में चार ट्रांजिक्शन फ्री रहेगा। विडंबना यह है कि स्टेट बैंक सहित अधिकांश बैंकों के एटीएम से भी राशि नहीं निकल रही है। आइसीआइसी बैंक सहित कुछ बैंकों के एटीएम में यह कार्ड काम कर रहा है। ऐसे में किसानों को राशि निकालने के लिए फिर से बैंकों में लाइन लगानी पड़ रही है।



लगती है भीड़

त्योहारी सीजन के साथ धान कटाई और मिंजाई का समय आ गया है। ऐसे में किसानों को रुपयों की आवश्यकता पड़ रही है। घर में रखने के बजाय किसान बैंक अकाउंट में रुपए जमा रखते हैं। आवश्यकता पड़ने पर वे रुपए निकालने के लिए एटीएम सेंटर जा रहे हैं, जहां पर उन्हें निराश होना पड़ रहा है। निराश होने के बाद जिला सहकारी बैंक की शाखाओं में मैनुअली नकद राशि निकालने पहुंच रहे हैं।

जिले के 1081 स्कूलों में लागू होगी योजना, पहले चरण में 20 से अधिक स्कूलों में शुरू हुई कक्षाएं

सरकारी स्कूलों में अब कम्प्यूटर के साथ होगी एआई की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए शिक्षा विभाग ने कम्प्यूटर शिक्षा के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की जानकारी देने की पहल की है। इसके तहत कक्षा छठवीं से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर चलाने के साथ एआई टूल्स का उपयोग करना भी सिखाया जा रहा है। जिले के 1081 सरकारी स्कूलों में इस व्यवस्था को लागू करने की योजना है। शुरुआती चरण में 20 से अधिक स्कूलों में कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं।



संकुल समन्वयक करेंगे निगरानी

विद्यार्थियों को नई तकनीक से परिचित कराने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। सभी स्कूलों में इसे लागू किया जाएगा। संकुल स्रोत समन्वयक इसकी निगरानी करेंगे, जबकि बीईओ प्रगति की समीक्षा करेंगे।

शनिवार को दो घंटे चलेगी विशेष कक्षा

योजना के तहत कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं, नवमी और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इन कक्षाओं के विद्यार्थियों को फिलहाल इससे अलग रखा गया है। बच्चों को पढ़ाई के लिए शनिवार को बैगलेस डे के दौरान दो घंटे की विशेष कक्षा में कम्प्यूटर और एआई तकनीक की जानकारी दी जाएगी। स्कूलों में उपलब्ध कम्प्यूटर का उपयोग कार्यालयीन कार्यों के साथ विद्यार्थियों को तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए भी किया जाएगा।

एआई से आसान होंगे सवाल

विद्यार्थियों को चैटजीपीटी और जेमिनी जैसे एआई टूल्स की उपयोगिता बताई जाएगी। इसके माध्यम से बच्चे पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछकर उनके जवाब प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी अपनी जिज्ञासाओं को टाइप करने के साथ बोलकर भी सवाल पूछ सकेंगे। इससे विषयों को समझने, कठिन सवालों का समाधान खोजने और सिलेबस की तैयारी में मदद मिलेगी। जिन स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब या आईसीटी लैब की सुविधा नहीं है, वहां के विद्यार्थियों को नजदीकी सुविधा वाले स्कूलों से जोड़ने के साथ स्मार्टफोन के उपयोग का विकल्प भी रखा जाएगा।

विजय मोटवानी को एमआईसी प्रभारी पद से हटाया, राजनीतिक हलकों में चर्चा

- पीडब्ल्यूडी विभाग का प्रभार युगल किशोर यादव को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम धमतरी में राजनीतिक घटनाक्रम के बीच पीडब्ल्यूडी विभाग के एमआईसी प्रभारी विजय मोटवानी को पद से हटा दिया गया है। पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के समर्थक माने जाने वाले श्री मोटवानी को हटाए जाने के बाद शहर के राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस संबंध में आयुक्त के हस्ताक्षर से 21 अक्टूबर को आदेश जारी किया गया। उनके विभाग का प्रभार अब युगलकिशोर पिंटू यादव को सौंपा गया है।

बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले महापौर रामू रोहरा और विजय मोटवानी के ⏭ शेष पेज 10 पर

पहले भी बदले जा चुके हैं एमआईसी प्रभारी

गौरतलब है कि कुछ महीने पहले स्वास्थ्य विभाग के एमआईसी प्रभारी नीलेश लूनिया को भी उनके प्रभार से हटाया गया था। अब विजय मोटवानी को हटाए जाने के बाद निगम की एमआईसी में विभागीय जिम्मेदारियों को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। निगम के वर्तमान कार्यकाल में शुरुआत में आठ एमआईसी सदस्य थे। अब इनकी संख्या छह रह जाने की बात कही जा रही है।

विकास कार्यों की जिम्मेदारी

नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना एमआईसी सदस्यों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे में विभागीय प्रभार में बदलाव के बाद संबंधित विभागों के कामकाज और आगामी विकास योजनाओं पर भी नजर रहेगी। वहीं इस घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक चर्चाओं के बीच अब निगम की आगे की रणनीति पर लोगों की निगाहें टिकी हैं।

जनता की सेवा और शहर विकास के लिए रहूंगा तत्पर : मोटवानी

नगर निगम की एमआईसी से हटाए जाने के बाद पार्षद विजय मोटवानी ने कहा कि वे पहले भी पार्षद थे और आज भी पार्षद हैं। जनता की सेवा उनका प्रमुख दायित्व है और वे आगे भी निरंतर जनसेवा करते रहेंगे।



शहर के विकास कार्यों में उनकी सहभागिता हमेशा बनी रहेगी। जनता के सुख-दुख में वे पहले की तरह साथ खड़े रहेंगे। सभापति बनाए जाने और फिर पद से हटाए जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि सभापति बनाने और बदलाव करने का अधिकार महापौर का विशेषाधिकार है। महापौर ने पहले उन्हें सभापति बनाया था और अब परिवर्तन किया है, यह उनका अधिकार है। विजय मोटवानी ने कहा कि उन्होंने पहले भी महापौर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर शहर के विकास में सहयोग किया है और आगे भी महापौर के साथ मिलकर विकास कार्यों में सहभागी बने रहेंगे।

सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल घूमकर लौट रहे बाइक सवार तीन युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार



- गंगरेल की घटना

मुकेश भारती पिता मोहन उम्र 26 वर्ष ग्राम खजरी जिला दुर्ग निवासी गांव के ताराचंद चंदेल उम्र 36 वर्ष के साथ बुधवार को अपने घर आए मेहमान राजेंद्र नवरंग उम्र 25 वर्ष तखतपुर निवासी को बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूएस 4632 से गंगरेल घुमाने लाया था। गंगरेल व मंदिर दर्शन के बाद युवक बाइक में सवार होकर शाम को वापस लौट रहे थे। इसी दौरान गंगरेल के शीतला माता मंदिर मोड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस घटना में सवार तीनों युवक घायल हो गए। सूचना मिलते ही वरदान संस्था के शिवा प्रधान मौके पर पहुंचे और सड़क पर घायल पड़े युवकों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

महिला की स्कूटी की डिक्की से मिला अवैध गांजा, गिरफ्तार

- ऑपरेशन निश्चय के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत मगरलोड पुलिस ने ग्राम भैंसमुंडी में कार्रवाई करते हुए 740 ग्राम गांजा जब्त किया है। इस मामले में 36 वर्षीय महिला सीमा बेगम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गांजा, स्कूटी, नकदी सहित कुल 48,850 का मशरूका जब्त किया है।

सोमवार को मगरलोड पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भैंसमुंडी में नहर नाली के पास एक महिला अपने घर के सामने गांजा बेच रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदेही महिला को पकड़ा। महिला आरक्षक की उपस्थिति में तलाशी और स्कूटी



क्रमांक सीजी 05 एम 3706 की जांच के दौरान सीट के नीचे डिक्की में रखे थैले से खाकी टेप में लिपटा गांजा बरामद हुआ। इसके साथ ही छोटे-बड़े आकार के कुल 45 जिपलॉक पॉलीथिन पाउच और गांजा बिक्री की नकदी भी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से लगभग 740 ग्राम अवैध गांजा अनुमानित कीमत 37 हजार रुपए, स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एम 3706, अनुमानित कीमत 10 हजार रुपए नकद 1,850 रुपए व 45 जिपलॉक पॉलीथिन पाउच कुल अनुमानित कीमत 48,850 रुपए का सामान जब्त किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान सीमा बेगम उम्र 36 वर्ष पति अकील खान निवासी वार्ड क्रमांक 09 नहर नाली के पासग्राम भैंसमुंडी थाना मगरलोड के रूप में हुई है। पुलिस ने धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी महिला को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचे युवक की हुई मौत

धमतरी। स्वास्थ्य ज्यादा बिगड़ने पर युवक को बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया, जहां चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव ज्ञाना क्षेत्र के ग्राम सलोनी निवासी गणेश नेताम पिता जगतराम उम्र 29 वर्ष मजदूरी का काम करता था। युवक की तबीयत दो तीन दिनों से ठीक नहीं थी। मंगलवार को युवक की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने पर उसे बेहोशी की हालत में उपचार के लिए रात्रि में मसीही अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। युवक की अचानक हुई मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

हाईस्पीड वाहन की ठोकर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल हाईवे में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक को ठोकर मार दी। इस घटना में युवक की मौत हो गई।

- ग्राम संबलपुर की घटना

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भोथली निवासी तामेश्वर यादव उम्र 35 वर्ष की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती थी।



वह सड़क पर घूमता रहता था। मंगलवार की देर शाम युवक ग्राम संबलपुर के पास सड़क पर घूम रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने युवक को ठोकर मार दी। इस घटना में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही अर्जुनी पुलिस घटनास्थल पहुंच गई। जानकारी मिलने पर वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। अर्जुनी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

मची अफरा-तफरी, मंचन के दौरान ज्वलनशील सामग्री से आग लगने की आशंका

छिपली में रामलीला के दौरान आग लगने से तीन कलाकार झुलसे, दो जिला अस्पताल रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत छिपली में दशहरा पर्व के अवसर पर आयोजित रामलीला के दौरान आग लगने से तीन कलाकार झुलस गए। घटना के बाद रामलीला स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया। वहीं तीसरे घायल की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छिपली में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाने के



लिए रामलीला का आयोजन किया गया था। मंचन के दौरान तीन कलाकार वानर पात्र का किरदार निभा रहे थे। बताया जा रहा है कि कलाकारों के शरीर पर ज्वलनशील सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। इसी दौरान रावण दल की ओर से आग के फुहारों का प्रदर्शन किया जा रहा था तभी अचानक आग की लपटें कलाकारों तक पहुंच गईं और तीनों आग की चपेट में आकर झुलस गए।

ग्रामीणों ने तत्परता दिखाकर बुझाई आग

अचानक हुई इस घटना से रामलीला देख रहे लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाई और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में प्राथमिक उपचार के बाद हेमंत ध्रुव और दीपांशु सोम को गंभीर स्थिति के चलते जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया। वहीं तीसरे घायल तोषण साहू की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

रामलीला के दौरान झुलसे घायलों का जिला अस्पताल में उपचार

धमतरी। विकासखंड नगरी के ग्राम छिपली में रामलीला मंचन के दौरान हुई आगजनी की घटना में झुलसकर घायल हुए दो व्यक्ति का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा दोनों घायलों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। चिकित्सकों ने बताया कि दोनों खतरे से बाहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामलीला मंचन के दौरान वानर पात्रों की भूमिका निभा रहे हेमंत ध्रुव और दीपांशु सोम आगजनी की घटना में झुलसकर घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल धमतरी लाया गया, जहां चिकित्सकीय टीम द्वारा आवश्यक उपचार एवं देखभाल की जा रही है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन को दोनों घायलों का बेहतर से बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने देने पर विशेष ध्यान देने को कहा है।



- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने चिकित्सकों को बेहतर उपचार करने के दिए निर्देश

खबर संक्षेप

पुनर्वास केन्द्र में पुनर्वासित माओवादी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जगदलपुर। पुनर्वास केन्द्र बीजापुर में बीते लगभग तीन माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुनर्वासित माओवादी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस व एफएसएल की टीम जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक 26 वर्षीय नरसू बोड्डु उर्फ नैती ग्राम कमकानार थाना गंगालूर क्षेत्र का निवासी था, जो पिछले वर्ष 27 फरवरी को बीजापुर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुआ था।

निधन

अमृताबाई साहू

अंवरी। ग्राम कोंडापार निवासी अमृताबाई साहू का आकस्मिक निधन 18 अक्टूबर को हो गया। वे



अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। वे सुखदेव, सुकलाल की मां एवं मनीष, टिकेश, खिलेन्द्र की दादी थीं। उनकी अंत्येष्टि गृहग्राम के शांतिघाट में हुई, जिसमें बड़ी संख्या स्वजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

विजय मोटवानी को एमआईसी प्रभारी पद से हटाया, राजनीतिक हलकों में चर्चा

बीच हुए विवाद के बाद यह कार्रवाई हुई है। हालांकि इस संबंध में विवाद और कार्रवाई के कारणों को लेकर आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। घटनाक्रम को लेकर निगम के राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

सामुदायिक डबरी निर्माण से जल संरक्षण और ग्रामीण आजीविका को मिलेगा नया आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में जल संरक्षण, भूजल संवर्धन और ग्रामीण आजीविका के साधनों को मजबूत बनाने की दिशा में सामुदायिक डबरी निर्माण कार्यों को महत्वपूर्ण पहल के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। जिले में जल संरक्षण, भूजल संवर्धन और ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने की दिशा में 34 सामुदायिक डबरी निर्माण जिनकी स्वीकृत राशि 172.13 लाख रुपए महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

वीबी जी-राम-जी योजनांतर्गत संचालित इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन की क्षमता बढ़ाने के साथ ही कृषि एवं अन्य आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में कृषि और अन्य गतिविधियों के लिए पानी की उपलब्धता महत्वपूर्ण है। विशेषकर वर्षा पर निर्भर खेती करने वाले किसानों के लिए जल संरक्षण की संरचनाएं उपयोगी साबित हो सकती हैं।

गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता पर जोर : जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने बताया कि सामुदायिक डबरी निर्माण जल संरक्षण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन की दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्य है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल का संचयन बढ़ाने तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप जल संसाधनों की उपयोगिता विकसित करना है।

प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सशक्तता पर जोर



विविध अवसरों को मिलेगा प्रोत्साहन

सामुदायिक डबरी में संचित जल का उपयोग स्थानीय परिस्थितियों, जल उपलब्धता और तकनीकी उपयुक्तता के आधार पर कृषि एवं अन्य अनुमेय गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। इससे किसानों को खेती की बेहतर योजना बनाने, उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने और कृषि आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में सहयोग मिल सकता है।

20 हजार श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधायक ने युवाओं को बचाने का किया आह्वान

दशहरा महोत्सव में 65 फीट का रावण जला अब नशे रूपी रावण पर वार की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व कुरुद में इस बार वैचारिक चेतना के नए स्वरूप में नजर आया। नगर दशहरा उत्सव समिति के अनुसार 27वें वार्षिक आयोजन में 20 हजार से अधिक नागरिकों की उपस्थिति के बीच 65 फीट ऊंचे रावण के पुतले का आतिशबाजी के साथ दहन किया गया। उत्सव के दौरान सबसे प्रमुख संदेश यही उभरा कि पुतला दहन के साथ-साथ समाज को खोखला कर रही नशे की लत से भी ठोस जंग जरूरी है।

मुख्य अतिथि व समिति संरक्षक विधायक अजय चंद्राकर ने कुरुद को व्यसनमुक्त बनाने का संकल्प लेने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट होने से बचाना केवल पारिवारिक दायरा नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज और राजनीतिक तंत्र का सामूहिक कर्तव्य है। इसके लिए युवाओं को सही दिशा, पर्याप्त संसाधन और अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कुरुद में ब्रॉडगेज रेल सेवा के आगमन को व्यापार व शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति बताया।





नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी दीवान, रविकांत चंद्राकर और नगर पालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

रामलीला मंचन और सांस्कृतिक छटा ने मोहा मन



अभिव्यक्ति कला मंच के कलाकारों ने प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित सजीव रामलीला पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद छग के रंगझाझर ग्रुप, रंग मेलोडी आर्केस्ट्रा-डांसिंग ग्रुप एवं मोर संगवारी टीम ने लोक कला की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं।

धरातल पर संकल्प उतारने की जरूरत

प्रभात बैस व हरीश देवांगन के मंच संचालन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महासचिव भानु चंद्राकर और कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा ने सभी का आभार जताया। बहरहाल दशहरा के अवसर पर कुरुद के मंच से उठी नशामुक्ति की यह आवाज तभी सार्थक होगी, जब इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर नकेल कसने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए।

भखारा में किया 30 फीट रावण का दहन







हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व भखारा में हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। नगर के रामलीला मैदान में आयोजित भव्य दशहरा उत्सव में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। रामलीला मंचन, रावण वध और आकर्षक आतिशबाजी ने ऐसा समां बांधा कि देर रात तक दर्शक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध की लीला का सजीव मंचन किया गया। जैसे ही भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया, पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इसके पश्चात विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया गया। रंग-बिरंगी आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा और दर्शकों ने उत्साहपूर्वक इस परंपरागत आयोजन का आनंद लिया।

जयकारों और बाजे- गाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा

भैंसबोड़ में माता की विदाई पर नम हुई भक्तों की आंखें, विसर्जन में उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ में शारदीय नवरात्रि के समापन पर माता रानी की विदाई भावुक माहौल में हुई। नौ दिनों तक माता की आराधना, पूजा-अर्चना और सेवा में लीन रहने वाले भक्तों की आंखें विसर्जन के दौरान नम हो गईं। मां दुर्गा की प्रतिमा को विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। पूरा गांव भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। माता रानी के जयकारों और बाजे- गाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा में भक्तों का जनसैलाब देखने को मिला।

ग्राम भैंसबोड़ में माता रानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा, आरती और जसगीतों के माध्यम से भक्तों ने मां दुर्गा की आराधना की। नौ दिनों तक गांव में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में पहुंचकर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र की उन्नति की कामना की।

मौके पर हरीश चतुर्वेदी महाराज, कमलसिंग ध्रुव, सूरजभान ढीमर, गंगाराम तारक, नरसिंग यादव, केदार ध्रुव, एवन साहू, रोहित साहू, सुंदरलाल, तोरण नागारची, दुलरवा राम, हरीश साहू, गजेंद्र साहू, रविकुमार, नीलकंठ यादव, होमेंद्र साहू, डेमन साहू, लोकेश साहू पटवारी, मोहेंद्र साहू, तुकेश ध्रुव, अश्वनी नगारची, दौलत राम सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

सेवा गीतों पर झूमते रहे श्रद्धालु

माता रानी की विसर्जन यात्रा के दौरान सेउक के सेवा गीतों ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। सेवा गीतों की मधुर धुन पर श्रद्धालु झूमते और नाचते नजर आए। माता के जयकारों से गांव का वातावरण गूंज उठा। भक्ति गीतों और जयकारों के बीच श्रद्धालु माता रानी को अंतिम विदाई देने के लिए आगे बढ़ते रहे। इस दौरान कई भक्तों की आंखें नम हो गईं।

बांधा तालाब में किया गया विसर्जन

बाजे-गाजे और माता के जयकारों के साथ निकली विसर्जन यात्रा बांधा तालाब पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ माता की प्रतिमा एवं जांवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी से अगले वर्ष फिर से आने की प्रार्थना की। भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई देते हुए क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की।

बोराई और सिहावा थाना परिसर में हुई शस्त्र की पूजा



- पुलिस जवानों ने शस्त्रों की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति और सुरक्षा की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

दशहरा पर्व पर नगरी विकासखंड के ग्राम बोराई एवं सिहावा थाना परिसर में परंपरानुसार शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने अपने शस्त्रों एवं उपकरणों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर उनका सम्मान किया। बोराई थाना परिसर में थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में शस्त्र पूजा हुई। इस अवसर पर शस्त्रों एवं उपकरणों पर तिलक लगाकर, लाल धागा बांधकर और पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। पुलिसकर्मियों ने परंपरा के अनुसार शस्त्रों की पूजा कर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं खुशहाली की कामना की। इस आयोजन में थाना प्रभारी सहित समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजा पुलिस विभाग की परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो कर्तव्य, साहस और जनसुरक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

डाही में दो जगह हुआ रावण का दहन

डाही(धमतरी)। ग्राम डाही में दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। 15 फीट रावण का दहण किया गया। रामलीला मंडली के सदस्यों



को बाजे-गाजे के साथ गांव की गलियों का भ्रमण कराया गया। भगवान श्रीराम और रावण युद्ध के बाद रावण का दहण हुआ। मौके पर टेकू साहू, नेमू सिन्हा, डिगेश्वर पटेल, ओमेश्वर पटेल, खिलेश पटेल, ललित सिन्हा, ढालेश देवांगन, तामेश्वर सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय में
मामला क्रमांक : 202609130700072/
विषय :-अ-6 मामले की श्रेणी :-राजस्व
सन :-2025-2026
बरारी (प.ह.नं. 00044),
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार-उप्पीराम निषाद,
अनावेदक पक्षकार-शिव राम,

ईश्तहार

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम बरारी को सूचित किया जाता है कि आवेदक उप्पीराम निषाद पिता शिवराम निषाद निवासी ग्राम बरारी धमतरी के द्वारा अपने पिता शिवराम निषाद पिता दाउलाल निषाद के नाम पर ग्राम बरारी ख.नं. 526/2, 526/5 रकबा 0.12, 0.1 हे. दर्ज है। आवेदक के पिता शिवराम निषाद द्वारा दिनांक 30/12/2024 को आवेदक को अपना वसी नियुक्त किया है। शिवराम निषाद कि मृत्यु दिनांक 21/06/2026 को हो चुका है। आवेदक वसीयतनामा के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म या निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि 23/10/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/10/2026 को जारी किया जाता है।

KUSUM PRADHAN
तहसीलदार
तहसील धमतरी (छ.ग.)

किसानों ने 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू करने की उठाई मांग

भखारा अंचल में हरुना धान की कटाई तेज

- रबी में दलहन-तिलहन की बुवाई के लिए खेत खाली करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिले के भखारा अंचल में अल्पकालिक हरुना धान (आईआर-64) की फसल पककर तैयार होने के साथ ही खेतों में कटाई और मिंजाई का काम जोरों पर शुरू हो गया है। कोर्रा और जुगदेही जैसे गांवों में जहां नवरात्रि पूर्व ही कटाई की शुरुआत हो चुकी थी, वहीं अब जोरातराई, सेमरा, सिलौटी और सौराबांधा सहित आसपास के दर्जनों गांवों में हार्वेस्टर और मजदूर खेतों में उतर चुके हैं।

किसान विकास कुमार, जीवराखन, पीलूराम, मोहन सेन और भोलाराम ने बताया कि अंचल के लगभग 20 प्रतिशत रकबे में हरुना धान की कटाई दीपावली पर्व से पहले ही पूरी हो जाएगी। किसानों का कहना है कि मौसम अनुकूल रहने से फसल समय पर आ गई है, लेकिन खलिहानों में उपज आते ही अब इसे सुरक्षित रखने और बेचने की चिंता सताने लगी है।



रबी फसल की तैयारी में मिलेगी मदद

किसानों ने बताया कि समय पर धान बिकने से मिलने वाली राशि सीधे रबी सीजन की तैयारी में काम आएगी। इससे खेतों को जल्द खाली कर चना, तिवड़ा, मटर, सरसों व अलसी जैसी दलहन-तिलहन फसलों की बुवाई समय पर की जा सकेगी। देरी होने पर मिट्टी की नमी कम होने का खतरा रहता है। फिलहाल अंचल के किसानों की निगाहें शासन द्वारा धान खरीदी की आधिकारिक तारीख के ऐलान पर टिकी हुई हैं।

उपार्जन केंद्र खोलने की उठी मांग

फसल तैयार होने के बाद किसानों ने राज्य शासन से 1 नवंबर से ही प्राथमिक सहकारी साख समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू करने की मांग उठाई है। अन्नदाताओं का तर्क है कि यदि तय समय पर सरकारी कांटे खुल जाते हैं, तो उन्हें औने-पौने दामों में बिचौलियों को उपज बेचने पर मजबूर नहीं होना पड़ेगा।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौगागांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



खबर संक्षेप

ऑडिटोरियम जावंगा में 29 को जिला स्तरीय युवा उत्सव मंच

दंतेवाड़ा। युवाओं को कला और संस्कृति के क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 29 अक्टूबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में यह उत्सव सुबह 10 बजे से ऑडिटोरियम जावंगा, गीदम और आस्था विद्या मंदिर में आयोजित होगा। एम. भार्गव ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी 28 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय या जिला खेल कार्यालय में पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन 'माय भारत' पोर्टल से ऑनलाइन भी होगा।
प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष के युवा हिस्सा ले सकेंगे। इस दौरान लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, पारंपरिक वेशभूषा, विकसित भारत चौलेंज ट्रैक, नुक्कड़ नाटक और क्रिएटिव यूथ रील चौलेंज सहित आठ विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी। लोकगीत में फिल्मी गीतों और लोकनृत्य में टेप रिकॉर्डेड संगीत की अनुमति नहीं होगी। चित्रकला के लिए 'नशामुक्त युवा' विषय तय किया गया है।

युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 तक

बीजापुर। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को ''युवा रत्न सम्मान'' प्रदान किया जाएगा। इसके लिए जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के पात्र युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों से 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय कलेक्टर (खेल एवं युवा कल्याण) जिला बीजापुर में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।
युवा रत्न सम्मान के अंतर्गत असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्यों के लिए युवाओं को 2.50 लाख रुपए तथा स्वैच्छिक संगठनों को 5 लाख रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। वहीं सामाजिक कार्य, साहित्य, उद्यमिता, शिक्षा, खेल, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन उत्थान, कला-संगीत एवं लोककला जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1 लाख रुपए की सम्मान राशि निर्धारित की गई है।

पुलिस स्मृति दिवस पर अमर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

वीरता, त्याग और सर्वोच्च बलिदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस स्मृति दिवस पर रक्षित केंद्र रूद्री में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने शहीद जवानों के नामों का वाचन कर उनके अदम्य साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा को नमन किया।

समारोह में परि. सूबेदार ललिता मरावी एवं तापेश्वर सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने शोक शस्त्र के साथ शहीद परेड कर अमर वीरों को सलामी दी। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश और समाज की सुरक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई।

समारोह में 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक देशभर में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए 154 वीर पुलिस जवानों सहित जिले के शहीद जवानों को भी श्रद्धापूर्वक याद किया गया। उनके शौर्य, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

समारोह का संचालन सेवानिवृत्त प्राध्यापक चंद्रशेखर शर्मा ने किया। इस अवसर पर एएसपी शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा देहारी, डीएसपी भानुप्रताप चंद्राकर, एसडीएम कल्पना ध्रुव, होमगार्ड कमांडेंट शोभा ठाकुर, सीएमएचओ डा अरुण टोंडर, सिविल सर्जन डॉ. आदित्य सिन्हा, डीपीओ अजय सिंह, रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े सहित विभिन्न थानों के प्रभारी, जनप्रतिनिधि, शहीद जवानों के परिजन, समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिक, सेवानिवृत्त पुलिस पेंशनर्स, सैनिक कल्याण संघ के सदस्य, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित थे।



सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे : एसपी भावना

एसपी भावना पांडेय ने कहा कि देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवान सदैव पुलिस बल के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। उनका सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक पुलिसकर्मी को साहस, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता रहेगा।

शहीद परिजनों से की आत्मीय मुलाकात जाना कुशलक्षेम

एसपी भावना पांडेय, महापौर रामू रोहरा, अपर कलेक्टर इंदिरा देहारी एवं एसडीएम कल्पना ध्रुव सहित अन्य अधिकारियों ने शहीद जवानों के परिजनों से आत्मीय मुलाकात की। उनका कुशलक्षेम जाना और उनकी भावनाओं, समस्याओं एवं आवश्यकताओं को संवेदनशीलता से समझा।





21 अक्टूबर का ऐतिहासिक महत्व 154 शहीद पुलिस जवानों का स्मरण

पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिवस कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक है।

वन काष्ठागार डिपो नगरी में कर्मचारियों के आवास जर्जर

- दो साल से छत से टपक रहा पानी, तिरपाल डालकर रहने को मजबूर कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

वन काष्ठागार डिपो नगरी में कर्मचारियों के लिए निर्मित आवासीय भवनों की स्थिति बदहाल बनी हुई है। भवन की छत जर्जर होने के कारण बारिश के दौरान पानी टपकता है। ऐसे में कर्मचारियों को मजबूरी में छत पर तिरपाल डालकर रहना पड़ रहा है। कर्मचारियों के अनुसार यह समस्या पिछले दो वर्षों से बनी हुई है, लेकिन अब तक भवन की मरम्मत नहीं कराई गई है जिसमें बारिश में परेशानी का सामना करना पड़ है।

कर्मचारियों का कहना है कि आवासीय भवन की जर्जर स्थिति और छत से पानी टपकने की समस्या से विभागीय अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। बारिश के दिनों में घर के भीतर पानी टपकने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थिति यह है कि अपने परिवार के साथ सुरक्षित रहने के लिए कर्मचारियों को स्वयं के खर्च पर तिरपाल डालकर अस्थायी व्यवस्था करनी पड़ रही है। आवासीय भवनों के रखरखाव और मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि सरकारी विभाग में कार्यरत होने के बावजूद उन्हें अपने ही आवास में बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है।



रिपेयरिंग कार्य के लिए राशि नहीं

विभागीय अधिकारी ने इस विषय पर चर्चा करने पर बताया कि शासन प्रशासन की ओर किसी भी प्रकार के रिपेयरिंग कार्य के लिए राशि नहीं आ रही है जिसके कारण रिपेयरिंग नहीं कर पा रहे हैं।

ग्राम गोबरा में दशहरा पर्व पर सजा श्रीराम का बाल दरबार



- विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरीं

दशहरा पर ग्राम गोबरा में धार्मिक श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भगवान श्रीराम के बाल दरबार का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों को भगवान श्रीराम के दरबार के स्वरूप में सजाया गया। इसके पश्चात पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया गया। पूजा-अर्चना के बाद डीजे की धुन के साथ पूरे ग्राम में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्राम में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस धार्मिक आयोजन में जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष लकेश्वर साहू सहित नेतराम साहू, मनोहर साहू, रामलाल साहू, जोइधाराम साहू, महेश साहू, होरीलाल साहू, संतोष साहू, हेमंत साहू, चोवा साहू, धालूराम साहू, गावस्कर साहू, भूमिका साहू, जोहतराम साहू, भीमसेन साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए यह पर्व समाज में सत्य, सदाचार, भाईचारे और एकता का संदेश देता है।

गायत्री प्रज्ञा पीठ फरसियां में तीन कुंडीय यज्ञ की पूर्णाहुति



नगरी। शारदीय नवरात्रि पर गायत्री प्रज्ञा पीठ फरसियां में आयोजित धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का समापन तीन कुंडीय यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न संस्कार संपन्न कराए गए। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान नौ बहनों का पुंसवन संस्कार तथा दो बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया। पुंसवन संस्कार कराने वाली बहनों में इंद्रेश साहू, लेखनीयादव, दामेश्वरी, चांदनी सोन, दुर्गासाहू, ज्योति बघेल, डिगेश्वरी ओटी, देविका तारम एवं स्वाति पारख शामिल रहीं। वहीं पूर्विका साहू और पूरब साहू का विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व परिव्राजक मिश्रीलाल साहू ने तीन लाख मंत्रों के लेखन की पूर्णाहुति की। गायत्री प्रज्ञा पीठ की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रामोतिन ध्रुव, नरोत्तम, सचिव हरकराम साहू, लीलांबर साहू, रूपचंद, जानकी सोन, हरि काशिव, संजू सिन्हा, लोकेश्वरी सोन, वेणु साहू, नारायणी सोन, द्रोपदी सोन, सुषमा तराम, मीनाक्षी सेन, आराधना साहू सहित अनेक श्रद्धालुओं का योगदान रहा।

सिरीं में ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरीं

ग्राम सिरीं में शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन भक्तिभाव, उत्साह और धार्मिक परंपराओं के साथ हुआ।

- भक्तों ने नम आंखों से दी माता को विदाई

नौ दिनों तक मां दुर्गा के विविध रूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी की प्रतिमा और ज्योति कलश (जंवारा) का विसर्जन किया। विसर्जन से पूर्व समिति एवं श्रद्धालुओं द्वारा माता की विशेष महाआरती की गई। तत्पश्चात बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों, डीजे के साथ ही और जय माता दी के गगनभेदी जयकारों के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सिर पर जंवारा धारण किए श्रद्धालु और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए, जिससे पूरा गांव धर्ममय हो उठा। धार्मिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के बीच स्थानीय जलाशय में मां दुर्गा की प्रतिमा और जंवारा का विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने मातारानी से गांव तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की मंगल कामना की।







अंचल की खबरें

रांवा में छत्तीसगढ़ी नाचा, लोक कला और संस्कृति का दिया संदेश



धमतरी। शारदीय नवरात्र पर ग्राम रांवा में मोर मया के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना थीं। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू ने की। इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ी नाचा प्रदेश की ग्रामीण संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, जो अपनी सहज अभिव्यक्ति, लोकभाषा, हास्य-व्यंग्य और सामाजिक संदेशों के माध्यम से दर्शकों से जुड़ता है। इस प्रकार के आयोजन स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि नवरात्र पर्व शक्ति, भक्ति और आस्था का प्रतीक है। मां दुर्गा की आराधना हमें शक्ति, साहस और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

बिरेतरा स्कूल में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने शिविर लगा



धमतरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में प्राचार्य राजकुमार शर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन हुआ। 26 विद्यार्थी नवीन मतदाता पंजीयन फार्म भरे। वरिष्ठ व्याख्याता गेवाराम नेताम ने छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र में मतदाताओं के अधिकारों तथा जागरूक मतदाता के विशेष कर्तव्य के बारे में भी अवगत कराया। शिविर में वरिष्ठ व्याख्यातागण खिलेश कुमार साहू, स्वीप प्रभारी रोहित कुमार साहू, चोवाराम चंद्राकर, खेदी साहू, डी. संगीता राव, शाजिया परवीन, चेतनलाल देवांगन, चंद्रशेखर यादव, दुलेश्वर सिंह साहू, माला साहू, नम्रता यादव ,सेवाराम यादव, ईगन साहू का योगदान रहा।

कबड्डी हमारी पारंपरिक खेल संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा



धमतरी। विधायक ओंकार साहू ग्राम पोटियाडीह में नवज्योति विंध्यवासिनी दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक श्री साहू ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। कबड्डी हमारी पारंपरिक खेल संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर शिवबती जांगड़े सरपंच, शिशुपाल जांगड़े, प्रेमलाल सोनवानी, राजीवगिरी गोस्वामी, तेजप्रताप साहू, नारेन्द्र कांकेरिहा, रामेश्वर सिन्हा, डीआर साहू, मनीष कुमार साहू, चन्द्रहास, पिन्टू देवांगन, आत्माराम साहू समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद टिकेश्वर को दी श्रद्धांजलि



धमतरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देमार के भूतपूर्व छात्र शहीद टिकेश्वर ध्रुव को पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था के प्राचार्य देवनाथ साहू ने बताया कि शहीद आरक्षक टिकेश्वर कुमार ध्रुव ग्राम परेवाडीह के निवासी थे। जिला दंतेवाड़ा के किरंदुल थाना क्षेत्र अंतर्गत चोलनार के समीप सर्चिंग के दौरान 25 मई 2018 को नक्सलियों द्वारा बारूदी विस्फोट से उड़ा दिया गया। हमले के दौरान आरक्षक टिकेश्वर ध्रुव अदम्य साहस एवं पराक्रम का परिचय देते हुए देश की रक्षा के लिए शहीद हो गए। श्रद्धांजलि के अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती तारिणी ध्रुव सहायक ग्रेड 3 सेजेस बठेना एवं उनकी पुत्री तमन्ना ध्रुव को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लोकेश सोनवानी, चंद्रहास यादव, पंकज कुंभकार, सत्यनारायण यादव, तुलेश्वर कुंभकार, शिक्षक दुवेन्द्र कुमार मंडावी, मनोज साहू, युगलकिशोर साहू, भुनेश्वर कुंजाम, डेमनलाल यादव, मयंक साहू समेत अन्य मौजूद थे।

खबर संक्षेप

पटवारियों की हड़ताल से राजस्व व्यवस्था प्रभावित किसानों की बढ़ी चिंता

धमतरी। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी से पहले पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से



गिरदावरी, फसल सत्यापन और किसान पंजीयन का काम प्रभावित होने का मुद्दा गरमा गया है। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने साय सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पीवी ऐप की तकनीकी खामियों, स्थानांतरण और निलंबन के विरोध में पटवारी हड़ताल पर हैं। इससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से पटवारी संघ के साथ तत्काल बातचीत कर हड़ताल समाप्त कराने और धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू बनाने की मांग की। तारिणी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार का जिक्र करते हुए राजीव गांधी किसान न्याय योजना, कर्जमाफी और 2500 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी को किसानों के हित में उठाए गए कदम बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियों से किसान अनिश्चितता में हैं। कांग्रेस ने गिरदावरी बहाल कर किसानों का धान बिना परेशानी खरीदे जाने की मांग की है।

निगम में एमआईसी सदस्यों को हटाने पर उठे सवाल

धमतरी। नगर निगम धमतरी में महापौर द्वारा लगातार एमआईसी सदस्यों को पद से हटाए जाने पर नेता



■ नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने मांगा जवाब

प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार बदलाव से निगम की कार्यप्रणाली और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। महापौर को इन परिस्थितियों का जवाब जनता के सामने देना चाहिए। श्री सोनकर ने कहा कि जनता ने शहर के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों को चुना है। सड़क, नाली, सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निगम का संचालन सामूहिक जिम्मेदारी, पारदर्शिता और जनहित के आधार पर होना चाहिए। एमआईसी में लगातार बदलाव के बजाय विकास कार्यों को गति देना जरूरी है। श्री सोनकर ने महापौर से बार-बार बदलाव की वजह स्पष्ट करने और शहर के विकास के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम जोबा में एक युवक के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध तुमगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। जोबा का लक्ष्मीनारायण राजपूत 20 अक्टूबर को अपने दोस्त मुकेश गायकवाड, हर्ष सोनवानी, केशव ध्रुव के साथ दो मोटर सायकलों पर रायपुर जा रहे थे। शाम 6 से 6.30 बजे के मध्य उसकी मोटर सायकल पंचर हो गई। जिस पर वह ग्राम अछोला स्कूल के सामने के ऑटो पार्ट्स में पंचर बनवा रहा था, तभी ग्राम अछोला के अज्जू और कामदेव आये और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर अपने हाथ में रखे ब्लेड से अज्जू ने गले व पीठ में वार किया है तथा कामदेव ने मेरे बांए हाथ में वार कर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

दीपावली से पहले शहर में ट्रैफिक का दबाव, सड़कों पर थमे वाहनों के पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिहावा चौक से रत्नाबांधा तक जाम, एंबुलेंस और यात्री बसें फंसने लगी, यातायात सुधारने की चुनौती

दीपावली का बाजार सजने के साथ ही धमतरी की सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। शाम को शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था की मुश्किलें सामने आईं। सिहावा चौक से घड़ी चौक होते हुए रत्नाबांधा तक वाहनों की लंबी कतार लग रही है । करीब आधा किलोमीटर तक वाहन फंस रहे है। जाम के कारण एंबुलेंस और यात्री बसों को भी रास्ता नहीं मिल पाता। गोल बाजार और बालक चौक मार्ग पर भी आवागमन प्रभावित रहता है। त्योहारी खरीदारी के लिए निकले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। शाम करीब छह बजे शुरू हुई जाम की स्थिति लगभग सात बजे तक बनी रहती है। इसके बाद यातायात पुलिस और अधिकारियों द्वारा वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए प्रयास किए जाते है । सामान्य दिनों में शहर से गुजरने वाले वाहनों की संख्या जहां चार से पांच हजार के आसपास बताई जाती है, वहीं त्योहार के दौरान यह आंकड़ा 10 से 12 हजार तक पहुंच जाता है। बढ़ते दबाव के बीच प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात संभालना चुनौती बन रहा है।

ई-रिक्शा और पार्किंग पर नियंत्रण की जरूरत

सड़क किनारे अतिक्रमण, बेतरतीब पार्किंग और ई-रिक्शा चालकों द्वारा बीच सड़क पर वाहन रोकने से जाम की समस्या बढ़ रही है। बिना वैध दस्तावेज और लाइसेंस के वाहन संचालन की शिकायतों पर भी कार्रवाई की जरूरत है। बाजार क्षेत्र में यातायात नियमों का पालन नहीं होने से आम लोगों के साथ आपातकालीन सेवाओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।



वन-वे व्यवस्था लागू करने की तैयारी

दीपावली से पहले यातायात सुधारने के लिए सदर रोड पर वन-वे व्यवस्था लागू करने की योजना बनाई जा रही है। बड़े वाहनों के प्रवेश का समय निर्धारित करने, भारी वाहनों को बाइपास से भेजने और प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल बढ़ाने की तैयारी है। बाजार में सुचारू आवागमन के लिए व्यापारियों का सहयोग भी लिया जाएगा। त्योहारी दिनों में जाम से राहत दिलाने के लिए इन व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी होगा।

पुजारी राजकुमार ने बताई सदियों पुरानी परंपरा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

मंदर माई के ज्योत-जंवारा विसर्जन में उमड़ा आस्था और श्रद्धा का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पांच दिनों तक हुई माता की आराधना

परंपरा के अनुसार मंदर माई मंदिर में पंचमी से नवरात्र का विशेष आयोजन शुरू होता है। इस दौरान श्रद्धालु अपनी मनोकामना की पूर्ति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ ज्योत प्रज्ज्वलित कराते हैं। पांच दिनों तक माता की आराधना के बाद निर्धारित परंपरा के अनुसार विसर्जन यात्रा निकाली जाती है। पुजारी राजकुमार ध्रुव और मंदिर समिति के सदस्य छोटू ध्रुव ने बताया कि माता की महिमा के प्रति श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। मान्यता है कि वर्ष में एक बार माता झांपी से बाहर आकर भक्तों को दर्शन देती हैं।

बाना धारण किए भक्त रहे आकर्षण का केंद्र



शोभायात्रा में 50 से अधिक बाना धारण किए भक्त आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर थिरकते इन भक्तों ने अनुष्ठान में अपनी सहभागिता निभाई। कुछ भक्तों ने लोहे के नुकीले औजारों से नाक, कान, गाल, हाथों की भुजाओं और पेट में बाना धारण किया था। उनकी आस्था और पारंपरिक अनुष्ठान को देखने बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। इसके बाद मेमेसागर तालाब में ज्योत-जंवारा और कलश की पूजा-अर्चना कर विसर्जन किया गया।

जयकारों के बीच निकली भव्य शोभायात्रा

माता की पूजा-अर्चना के बाद मराठापारा स्थित मंदिर परिसर से ज्योत-जंवारा और कलश की शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा सदर रोड और रामबाग होते हुए बिलाईमाता मंदिर से शीतला मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पूजा की थाली सजाकर जंवारा की आरती उतारी और माता से सुख-समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा में कुंवारी कन्याएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। वहीं मांदर की थाप और पारंपरिक जसगीत पर किशोरियां, बालिकाएं और महिलाएं भक्ति में झूमती नजर आईं। पूरे मार्ग में माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

मराठापारा स्थित मां मंदर माई मंदिर में शारदीय नवरात्र के समापन के बाद बुधवार को ज्योत-जंवारा विसर्जन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। माता के जयकारों, पारंपरिक जसगीत और मांदर की थाप के बीच निकली शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। सिर पर कलश और जंवारा धारण किए कुंवारी कन्याओं की उपस्थिति तथा बाना धारण किए भक्तों की आस्था ने आयोजन को विशेष बना दिया।

मंदिर के पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि माता की महिमा और आस्था से जुड़ी यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। इस वर्ष मंदिर में लगभग 200 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए थे, जिनका विधि-विधान से विसर्जन किया गया।

तुमबहारा वार्ड में पहली बार मना दशहरा पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 2 तुमबहारा में दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रथम वर्ष आयोजित इस पर्व में ग्रामीणों के उत्साह और रामलीला का मंचन कर रहे कलाकारों के समर्पण ने आयोजन को विशेष बना दिया। इस अवसर पर लगभग 25 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि दशहरा हमें सिखाता है कि अहंकार, अधर्म और अत्याचार चाहे कितने भी बढ़ जाएं, अंत में विजय सत्य और धर्म की ही होती है। वार्ड तुमबहारा में रामलीला का आयोजन करना सराहनीय पहल है। उन्होंने ग्रामीणों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में भी इसी उत्साह के साथ इस पर्व को मनाया जाए और आयोजन को और भव्य बनाया जाए। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद देवचरण ध्रुव, सभापति शंकर देव, नमनदीप छाबड़ा, गणेश कुंजाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

नवागांव कसपुर में 20 फीट ऊंचे रावण का दहन

नगरी। ग्राम नवागांव कसपुर में विजयादशमी पर्व पर 20 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर गांव में उत्सव का माहौल रहा। विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में सड़कपारा के सदस्यों द्वारा रावण का पुतला तैयार किया गया। रावण के पुतले का निर्माण सड़कपारा के अध्यक्ष ओमप्रकाश मरकाम, सचिव रेमन लाल साहू, कोषाध्यक्ष आशीष साहू, उपाध्यक्ष मंशाराम यादव एवं सहसचिव लक्ष्मीकांत साहू के नेतृत्व में किया गया। पुतले के निर्माण में प्रदेश मरकाम, कुंजल एवं मनोहर नेताम का विशेष योगदान रहा। विजयादशमी पर्व पर रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।

महिमासागर और विंध्यवासिनी वार्ड में अटके आवास निर्माण को मिलेगी गति



■ रेलवे प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए 438 पीएम आवासों को मिली 5 .49 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेलवे की बड़ी रेललाइन परियोजना से प्रभावित परिवारों के व्यवस्थित पुनर्वास को लेकर नगर निगम प्रशासन आवास निर्माण पूरा कराने की दिशा में प्रयासरत है। महिमासागर और विंध्यवासिनी वार्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 438 आवासों के निर्माण के लिए शासन से 5.49 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। निर्माण कार्य में पुरानी दरों और वर्तमान लागत के अंतर के कारण आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने के लिए नए सिरे से प्रक्रिया आगे बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

महिमासागर वार्ड में वर्ष 2018-19 में आवास निर्माण शुरू हुआ था। हालांकि करीब दो वर्ष बाद ठेकेदार द्वारा काम छोड़ दिए जाने से परियोजना प्रभावित हुई। इसके बाद नगर निगम ने निर्माण दोबारा शुरू कराने के लिए चार बार टेंडर जारी किए, लेकिन निर्धारित दरों पर ठेकेदारों की रुचि नहीं मिलने से काम आगे नहीं बढ़ सका। निर्माण सामग्री और मजदूरी की लागत बढ़ने से पुरानी दरों पर काम कराना चुनौतीपूर्ण हो गया है। अब वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए शासन से मार्गदर्शन मांगा गया है।

438 आवासों से परिवारों को मिलेगा लाभ

महिमा सागर और विंध्यवासिनी वार्ड में कुल 438 पीएम आवासों के निर्माण के लिए 5.49 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। निर्माण कार्य पूरा कराने के लिए चार बार टेंडर निकाले गए हैं। शासन से अनुमति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी। योजना के तहत रेलवे प्रभावित परिवारों के अलावा करीब 150 अन्य परिवारों के व्यवस्थापन की भी योजना है।

प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार

रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाए जाने के बाद प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का विषय महत्वपूर्ण बना हुआ है। ऐसे में निर्माण संबंधी बाधाओं का समाधान कर आवास कार्य को आगे बढ़ाना प्रशासन की प्राथमिकता है। शासन से मार्गदर्शन मिलने के बाद नई प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है, जिससे प्रभावित परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रगति हो सकेगी।

पं. जगन्नाथ राव महाजन की स्मृति में 25 को संगीत निशा



■ लययात्रा इंटरनेशनल के आयोजन में सजेगी सुर, ताल और कथक की महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लययात्रा इंटरनेशनल के तत्वावधान में पण्डित जगन्नाथ राव महाजन की स्मृति में शरद पूर्णिमा पर 25 अक्टूबर को रात्रि 7 बजे से महालक्ष्मी ग्रीन धमतरी में संगीत निशा का आयोजन होगा। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ जयपुर और दिल्ली से आमंत्रित कलाकार शास्त्रीय संगीत, तबला वादन और कथक नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ आर्यांश राज गंजीर की सरस्वती वंदना से होगा। वीरेन्द्र साहू के निर्देशन में जयांशु वैष्णव एवं साथी राग खमाज पर आधारित सुगम गीत प्रस्तुत करेंगे। मदनमोहन दास और रविकान्त गजेन्द्र तबला वादन करेंगे। खिलेंद्र साहू एवं अशोक सिन्हा भजन और गजल प्रस्तुत करेंगे।

संगीत निशा में अंतरराष्ट्रीय तबला वादक डॉ. अंकित पारीक, बाल कलाकार मास्टर शुभांकित पारीक और युवा तबला वादक मृदुल पारीक की प्रस्तुतियां भी आकर्षण रहेंगी। समापन अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना डॉ. तरुण जागीड पारीक की प्रस्तुति से होगा।

समारोह के मुख्य अतिथि पंडित राजेश शर्मा होंगे। अध्यक्षता पीबी पराडकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्यामसुन्दर सोनी होंगे।

कोमल बनीं गरबा क्वीन और मंजू को मिला गुजराती क्वीन का खिताब

■ सात दिवसीय सिंध गरबा नाइट का समापन, 500 प्रतिभागियों ने बिखेरा रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सिन्हा ग्राउंड में आयोजित सात दिवसीय सिंध गरबा नाइट का समापन भव्यता और उत्साह के साथ हुआ। अंतिम दिन गुजराती परिधानों में सजे लगभग 500 प्रतिभागियों ने गरबा किया। माता की भक्ति, पारंपरिक वेशभूषा और मनमोहक नृत्य से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। आयोजन में बच्चियों से लेकर 70 वर्ष तक की महिलाओं ने भाग लिया।

किड्स गर्ल्स वर्ग में याचिका खटवानी, किड्स बॉयज में कावी रूपवानी तथा गर्ल्स वर्ग में यश चुकानी, रिया चावला और मुस्कान लालवानी विजेता रहीं। फीमेल वर्ग में सौम्या पंजवानी, पिंकी भोजवानी, मुस्कान छुगानी, सपना वाधवानी और स्वीटी होतवानी ने जीत दर्ज की। 45 से 70 वर्ष आयु वर्ग में लक्ष्मी जसूजा, पलक सुंदरानी, पलक कस्तूरिया, कीर्ति तनेजा और मधु वाधवानी विजेता रहीं।

सातों दिन लगातार भाग लेने वालों में किड्स गर्ल्स से ईशानी चावला, किड्स बॉयज से भव्य डोडवानी, गर्ल्स से डिंपल नोतवानी, 40 से 45 वर्ष वर्ग से ईशा मूलवानी तथा 45 से 70 वर्ष वर्ग से रीता धामीचा को बंपर प्राइज मिला। कोमल पाहूजा को गरबा क्वीन और मंजू होतवानी को गुजराती क्वीन का खिताब मिला।

इस आयोजन में महेश रोहरा, चंदूलाल जसवानी, रामचंद्र वाधवानी, अशोक वाधवानी और रोमी सावलानी का योगदान रहा। सिंध शक्ति महिला संगठन की अध्यक्ष पार्वती वाधवानी, प्रिया पंजवानी, साक्षी वाधवानी, प्रीति पिंजानी, शारदा चावला, जया चावला, दिशा कामरानी, संगीता वाधवानी सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जिला स्तरीय मतदाता हेल्पलाइन डेस्क स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 1 जनवरी 2027 के तहत मतदाताओं के पंजीयन कार्य की सुविधा के दृष्टिगत जिला स्तर पर मतदाता हेल्पडेस्क स्थापित किया जाना है। आयोग के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी धमतरी द्वारा जिला स्तर पर व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरौद सुरेश कुमार साहू की ड्यूटी हेल्प डेस्क में लगाई गई है। श्री साहू की ड्यूटी जिला निर्वाचन कार्यालय सामान्य निर्वाचन धमतरी में स्थापित हेल्प डेस्क में कार्यालयीन दिवसों में सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक लगाई गई है।

एकल-युगल एवं सामूहिक नृत्य में प्रतिभागियों ने बिखेरा जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नवरात्रि पर ग्राम घुरावड़ में 17 अक्टूबर को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नपद पंचायत सदस्य श्रीमती मौसमी मंडावी थीं। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने एकल, युगल एवं सामूहिक नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में समिति के अध्यक्ष दीनू राम मरकाम, उपाध्यक्ष लल्लू मरकाम, सचिव रेवंस कोर्राम, संचालक लोमेश कोर्राम सहित समिति के सभी सदस्यों का योगदान रहा। एकल नृत्य में प्रथम टिया यादव सिहावा, द्वितीय धनाश्री नेताम मांडाभर्री, तृतीय स्थान रिंकी ध्रुव बेलरगांव, युगल नृत्य में प्रथम सालिक एवं भूपेंद्र उमरगांव, द्वितीय स्वामी नेताम एवं साथी अर्जुनी, तृतीय रमेश एवं उमेश घुरावड़ रहे। सामूहिक नृत्य में प्रथम अनल डांस ग्रुप कौहाबाहरा, द्वितीय गोलमाल डांस ग्रुप भुरसीडोंगरी, तृतीय अंजिता एवं साथी घुरावड़ रहे।

■ घुरावड़ में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन





